प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें
- पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने अधिकारियों को हार्डकोर अपराधिक गेंगों की धरपकड के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिएं
- सूर्य अराधना के महापर्व छठ के दूसरे दिन आज श्रद्धालु अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे–रेल्वे ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किएं
- नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज से कोटा–उदयपुर संभाग में बारिश की संभावनां

……………………………………………………………………

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें इस रेडियो कार्यक्रम की यह 127 वीं कड़ी होगीं ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगां साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगां इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगीं प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने को लेकर राज्यभर में भी उत्साह देखा जा रहा हैं प्रदेश भाजपा की ओर से कार्यक्रम के लाईव प्रसारण की व्यवस्था की गई हैं विभिन्न केबिनेट मंत्री भाजपा पदाधिकारियों के साथ ही पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सामुहिक रूप से सुनेंगें

……………………………………………………………………

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 22वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगें विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान–भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने की पहलों पर चर्चा करेंगें मंत्रालय ने कहा कि आसियान के साथ संबंधों को मज़बूत करना भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर कल कुआलालंपुर में प्रधानमंत्री मोदी की जगह 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होंगें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार–विमर्श करने और क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास पर विचारों का आदान–प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगां

……………………………………………………………………

अपराध मुक्त राजस्थान बनाने और हार्डकोर अपराधिक गेंगों की धरपकड के लिए पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठित अपराधियों से सर्वाधिक प्रभावित जिलों तथा रेंजों के अधिकारियों ने भाग लियां बैठक का उद्देश्य राज्य में सक्रिय आपराधिक गैंगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना थां इस दौरान डीजीपी शर्मा ने अधिकारियों को गैंग संचालन, धमकी, वसूली, फायरिंग और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में शामिल तत्वों पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिएं श्री शर्मा ने अधिकारियों से कार्रवाई को केवल अपराधियों तक सीमित नहीं रखने के निर्देश देते हुए पूरे आपराधिक तंत्र को ध्वस्त किये जाने की बात कहीं बैठक में एजीटीएफ प्रभारी दिनेश एम एन,एडीजी बीजू जॉर्ज जोसफ, जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल सहित बीकानेर, अजमेर, जोधपुर रेंज के अधिकारी, जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट सहित 15 जिलों के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें इस दौरान अधिकारियों ने जिलों में अपने अनुभव और कार्ययोजना को साझा कियां

……………………………………………………………………

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर 67 आरएएस अधिकारियों के तबादले किये हैं कल देर शाम कार्मिक विभाग ने अजमेर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड, अलवर नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, प्रारम्भिक शिक्षा के अतिरिक्त निदेशक गोपाल राम बिरदा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव

कैलाश चन्द शर्मा और जयनारायण विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार गुंजन सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के मौजूदा पदों में फेरबदल और दायित्वों के स्थापन के आदेश जारी कियें वहीं बसेडी के उपखंड अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद को डीग के सीकरी में और यहां से अमित कुमार मीणा को बसेडी लगाया हैं

…………………………………………………………………………

श्रीगंगानगर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा हैं इस अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम होंगें इसी के तहत कल से गंग महोत्सव की शुरूआत हुईं ब्योरा हमारे संवाददाता से–

…………………………………………………………………………

सूर्य अराधना के महापर्व छठ के दूसरे दिन आज श्रद्धालु निर्जला उपवास रख अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगें इसे खरना के नाम से जाना जाता हैं इससे पहले चार दिवसीय छठ पूजा कल नहाय–खाय के साथ शुरू हुई थीं सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैया की पूजा को समर्पित यह पर्व पवित्रता, कृतज्ञता और कल्याण की भावना का प्रतीक हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने सभी व्रतियों की अटूट भक्ति को नमन कियां इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने छठी मैया को समर्पित एक भक्ति गीत भी साझा कियां

…………………………………………………………………………

इधर राजधानी जयपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में रहने वाले बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश और भोजपुर क्षेत्र सहित पूर्वांचल के लोगों में विशेष उल्लास देखा जा रहा हैं जयपुर के गलताजी, बीकानेर के कोलायत, अजमेर के पुष्कर और बृज क्षेत्र भरतपुर सहित प्रदेशभर के विभिन्न धार्मिक सरोवरों पर पूजा, अनुष्ठान को लेकर तैयारियां की जा रही हैं कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने पर पर्व का समापन होगां

…………………………………………………………………………

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रीभार को देखते हुए व्यवस्थाओं को और मज़बूत किया हैं बिहार और दूसरे राज्यों के स्टेशनों पर त्योहार के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया, अतिरिक्त टिकट काउंटर, सीसीटीवी निगरानी और सुविधा बढ़ाने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं इस बीच रेल्वे ने बताया कि त्योहारों के मौजूदा सीज़न में देशभर में अब तक डेढ करोड़ से ज़्यादा लोग रेलगाड़ियों में यात्रा कर चुके हैं रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि त्योहारी सीज़न के अंत तक यह संख्या ढाई करोड़ से ज़्यादा पंहुच जाने की उम्मीद हैं

…………………………………………………………………………

पुष्कर में चल रहा पशु मेला परवान पर हैं मेले में ऊंट, घोडे सहित विभिन्न पशु बिक्री के लिए पंहुच रहे हैं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि अब तक 1300 से ज्यादा पशु बिक्र के लिये लाये जा चुके हैं इनमें सात सौ तैतीस ऊंट और 600 से अधिक घोड़े शामिल हैं

…………………………………………………………………………

प्रदेशभर में तापमान में उतार चढाव के बीच मौसम सामान्य बना हुआ हैं सुबह और शाम की गुलाबी सर्दी के साथ अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क हैं पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस के आसपास दर्ज किया गया हैं बीते 24 घंटों में सर्वाधिक तापमान बाडमेर में 37 डिग्री सैल्सियस रहां इस बीच मौसम विभाग ने आज से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस तंत्र के असर से उदयपुर और कोटा संभाग में बारिश की संभावना हैं

…………………………………………………………………………